भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

प्रैस विज्ञप्ति

05.08.2024 – अखिल भारतीय

भारतीय जीवन बीमा निगम ने नए प्लान प्रारंभ किए हैं "एलआईसी की युवा टर्म (योजना 875) / डिजी टर्म (योजना 876) और एलआईसी की युवा क्रेडिट लाइफ (योजना 877) / डिजी क्रेडिट लाइफ (योजना 878)

भारतीय जीवन बीमा निगम के सीईओ एवं एमडी श्री सिद्धार्थ महान्ति ने 05/08/2024 से प्रभावी, नए प्लान, एलआईसी की युवा टर्म (यूआईएन: 512एन355वी01) / डिजी टर्म (यूआईएन: 512एन356वी01) और एलआईसी की युवा क्रेडिट लाइफ (यूआईएन: 512एन357वी01) / डिजी क्रेडिट लाइफ (यूआईएन: 512एन358वी01) लॉन्च किए।

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) टर्म इंश्योरेंस और लोन चुकाने के लिए सुरक्षा प्रदान करने के लिए नए प्लान प्रारंभ कर रहा है, जो ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से उपलब्ध हैं।

एलआईसी की युवा टर्म हमारे मध्यस्थों के माध्यम से ऑफ़लाइन उपलब्ध है और एलआईसी की डिजी टर्म केवल हमारी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध है। इन उत्पादों का उद्देश्य उन युवाओं की ज़रूरतों को पूरा करना है जो जीवन के शुरुआती चरणों में टर्म इंश्योरेंस लेना चाहते हैं और उन्हें ऑफ़लाइन या ऑनलाइन खरीदने के लिए व्यापक विकल्प प्रदान करना है।

हमने टर्म इंश्योरेंस के माध्यम से आपकी लोन देनदारियों को सुरक्षित करने के लिए एक उत्पाद भी लॉन्च किया है - एलआईसी की युवा क्रेडिट लाइफ़ हमारे मध्यस्थों के माध्यम से ऑफ़लाइन मोड में और एलआईसी की डिजी क्रेडिट लाइफ़, जो केवल ऑनलाइन उपलब्ध है। चूंकि आज लोग विभिन्न ज़रूरतों के लिए उपलब्ध लोन सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं, इसलिए एलआईसी ने बीमाधारक के परिवार को लोन चुकाने से सुरक्षा प्रदान करने के लिए आवास/शिक्षा/वाहन आदि जैसी लोन देनदारियों को कवर करने के लिए टर्म इंश्योरेंस प्लान लॉन्च किया है।

एलआईसी का युवा टर्म/डिजी टर्म एक नॉन पार, नॉन लिंक्ड, लाईफ, इंडिविजुअल, प्योर रिस्क प्लान है, जो पॉलिसी अवधि के दौरान बीमाधारक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की स्थिति में उसके परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। यह एक नॉन-पार उत्पाद है जिसके तहत मृत्यु पर देय लाभ की गारंटी दी जाती है।

- प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 18 वर्ष (पिछले जन्मदिन) है। प्रवेश के समय अधिकतम आयु 45 वर्ष (पिछले जन्मदिन) है

- परिपक्वता के समय न्यूनतम आयु 33 वर्ष (पिछले जन्मदिन) है और परिपक्वता के समय अधिकतम आयु 75 वर्ष (पिछले जन्मदिन) है
- न्यूनतम मूल बीमा राशि 50,00,000/- रुपये है और अधिकतम मूल बीमा राशि 5,00,00,000/- रुपये है। (बोर्ड द्वारा अनुमोदित अंडरराईटींग नीति के तहत अंडरराईटींग निर्णय के अनुसार 5,00,00,000 (पांच करोड़) रुपये से अधिक मूल बीमा राशि पर केस दर केस आधार पर विचार किया जा सकता है)
- आकर्षक उच्च बीमा राशि छूट का लाभ।
- महिलाओं के लिए विशेष रियायती प्रीमियम दरें
- नियमित प्रीमियम और सीमित प्रीमियम भुगतान के तहत बीमित व्यक्ति की मृत्यु पर देय राशि वार्षिक प्रीमियम का 7 गुना या मृत्यु की तिथि तक भुगतान किए गए कुल प्रीमियम का 105% या मृत्यु पर भुगतान की जाने वाली पूर्ण राशि है। एकल प्रीमियम भुगतान के तहत, मृत्यु लाभ एकल प्रीमियम का 125% या मृत्यु पर भुगतान की जाने वाली पूर्ण राशि है।

एलआईसी की युवा क्रेडिट लाइफ/डिजी क्रेडिट लाइफ एक नॉन पार, नॉन लिंक्ड, लाईफ, इंडिविजुअल, प्योर रिस्क प्लान है। यह एक शुद्ध घटती अवधि बीमा योजना है जिसमें पॉलिसी की अवधि के दौरान मृत्यु हितलाभ कम हो जाएगा।

- प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 18 वर्ष (पिछले जन्मदिन) है। प्रवेश के समय अधिकतम आयु 45 वर्ष (पिछले जन्मदिन) है
- परिपक्वता के समय न्यूनतम आयु 23 वर्ष (पिछले जन्मदिन) है और परिपक्वता के समय अधिकतम आयु 75 वर्ष (पिछले जन्मदिन) है
- न्यूनतम मूल बीमा राशि 50,00,000/- रुपये और अधिकतम मूल बीमा राशि 5,00,00,000/- रुपये है।
- आकर्षक उच्च बीमा राशि छूट का लाभ।
- महिलाओं के लिए विशेष रियायती प्रीमियम दरें
- पॉलिसी की शुरुआत में पॉलिसीधारक के लिए उपयुक्त ऋण ब्याज दर का विकल्प
- पॉलिसी अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की मृत्यु पर देय राशि, बशर्ते पॉलिसी चालू हो और स्वीकार्य दावा मृत्यु पर बीमित राशि होगी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.licindia.in पर बिक्री विवरणिका देखें।

दिनांक 5 अगस्त, 2024 मुंबई

अधिक जानकारी के संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)

भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई ईमेल :ed_cc@licindia.com

www.licindia.in पर विजिट करें

हमें विश्वास है कि इस विज्ञप्ति में दी गई जानकारी आपके पाठकों हेतु मूल्यवान होगी ।
हम आपको इसे यथाशीघ्र प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देंगे, हम यह भी स्वीकार करेंगे कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आप पर निर्भर करता है।